फील्ड्स मेडल 2022

चर्चा में क्यों?

हाल ही में यूक्रेनी गणितिज्ञ मैरीना वयािज़ोवस्का ने अन्य तीन गणतिज्ञों के साथ प्रतिष्ठित फील्ड्स मेडल प्राप्त कयिा।

- फील्ड मेडल को अक्सर **गणति के क्षेत्र में नोबेल पुरस्कार** के रूप में वर्णति कयिा जाता है।

मुख्य वशिषताएँ:

- **परचिय:**
  - फील्ड्स मेडल प्रत्येक चार वर्ष में **40 वर्ष से कम आयु के एक या एक से अधकि गणतिज्ञों को** दयिा जाता है।
  - फील्ड्स मेडल **इंटरनेशनल मैथमेटकिल यूनयिन (IMU)** की अंतर्राष्ट्रीय कॉन्ग्रेस में प्रदान कयिा जाता है।
    - IMU एक अंतर्राष्ट्रीय गैर-सरकारी और गैर-लाभकारी वैज्ञानिक संगठन है।
      - IMU का उद्देश्य गणति के क्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा देना है।
  - फील्ड मेडल **उत्कृष्ट गणतीय उपलब्धि और भविष्य की उपलब्धि के वादे के लयि दयिा जाता है।**
  - फील्ड्स मेडल कमेटी को अंतर्राष्ट्रीय गणतीय संघ की कार्यकारी समति द्वारा चुना जाता है और आमतौर पर इसकी अध्यक्षता IMU अध्यक्ष करता है।
- **पृष्ठभूमि:**
  - टोरंटो में 1924 के IMU ने एक प्रस्ताव अपनाया कि प्रत्येक सम्मेलन में उत्कृष्ट गणतीय उपलब्धि के लयि दो स्वर्ण पदक प्रदान कयि जाएंगे।
  - कनाडा के गणतिज्ञ प्रो. जे. सी. फील्ड्स, जो वर्ष 1924 के कॉन्ग्रेस के सचवि थे, ने बाद में पदक स्थापति करने हेतु धन दान कयिा, जो उनके सम्मान में नामति कयि गए थे।
  - वर्ष 1966 में यह सहमति बनी कि गणतीय अनुसंधान के व्यापक वसि्तार के आलोक में प्रत्येक कॉन्ग्रेस में अधकितम चार पदक दयि जा सकते हैं।
  - यह पहली बार वर्ष 1936 में प्रदान कयिा गया था।

भारतीय मूल के वजिेता:

- वर्ष 1936 से फील्ड मेडल से सम्मानति 60 से अधकि गणतिज्ञों में से दो भारतीय मूल के हैं:
  - प्रसिटन (2018) में उन्नत अध्ययन संस्थान के अक्षय वेंकटेश।
  - प्रसिटन वश्विवदि्यालय (2014) में गणति वभिाग के मंजुल भार्गव।

स्रोत: द हदिू

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/fields-medals-2022